हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, सोमवार, 30 दिसंबर 2024

# मूंगफली बेचने वाला निकला ₹2000 के नोट बदलने वाले गिरोह का संचालक

**'आरबीआई की तरफ से प्रचलन से हटाए गए 2,000 रुपये के नोटों को कमीशन पर बदलने वाले गिरोह की जांच कर रही नागपुर पुलिस तब हैरान रह गई जब एक मूंगफली बेचने वाले से पूछताछ की गई, जिसके बाद उसे तीन अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया।'**

**नागपूर.**

नागपुर जिले में पुलिस ने एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो कमीशन पर दो हजार रुपये के नोट बैंक से बदलने का करता था। इस मामले की जांच कर रही नागपुर पुलिस तब हैरान रह गई जब एक मूंगफली बेचने वाले से पूछताछ की गई, जिसके बाद उसे तीन अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया। जानकारी के मुताबिक, आरोपियों में से एक नंदलाल मौर्य संविधान स्क्वायर इलाके में एक ठेले पर मूंगफली और अन्य स्नैक्स बेचता है, जहां रिजर्व बैंक का कार्यालय और महाराष्ट्र विधान भवन भी मौजूद है।

**ऐसे चलता था नोट बदलने का गिरोह**

मामले में एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि आरोपी नंदलाल मौर्य 2000 रुपये के नोट बदलने के लिए गरीब पुरुषों और महिलाओं को कमीशन पर रखता था। वे इन नोटों को कानूनी रूप से 500 रुपये के नोटों से बदलने के लिए आरबीआई को अपना आधार कार्ड विवरण प्रस्तुत करते थे। वहीं इस मामले में गिरफ्तार किए गए तीन अन्य लोगों की पहचान रोहित बावने, किशोर बहोरिया और अनिल

## > नागपुर पुलिस ने चार को दबोचा



जैन के रूप में हुई है, जो मध्य प्रदेश के जबलपुर का रहने वाले हैं और माना जा रहा है कि वह इस अपराध का सरगना है।

**कमीशन के बदले चलता था गिरोह का धंधा**

बता दें कि, पिछले साल 19 मई को आरबीआई ने 2,000 रुपये के नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की। एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई की कि अनिल जैन ने कई जगहों पर 'ग्राहकों' से 2,000 रुपये के नोट एकत्र करने के बाद नंदलाल मौर्य को रैकेट चलाने में शामिल किया।

उन्होंने कहा, 'अनिल जैन ने नंदलाल मौर्य को 2,000 रुपये के 10 नोटों को 500 रुपये के नोटों में बदलने के लिए 200 रुपये देने का वादा किया था।'

### तीन आरोपियों के पास से दो लाख से ज्यादा नकद बरामद

नंदलाल मौर्य ने संविधान स्क्वायर पर मौजूद आरबीआई कार्यालय का दौरा किया और 2,000 रुपये के 10 नोटों को सफलतापूर्वक बदल दिया। बैंक में नोट बदलने की प्रक्रिया सीखने के बाद, उसने गरीब पुरुषों और महिलाओं को काम पर रखना शुरू कर दिया और उन्हें आरबीआई में बैंक नोट बदलने के लिए 300 रुपये हर दिन कमीशन देने की पेशकश की। इस मामले में पुलिस ने शनिवार को नंदलाल मौर्य के घर पर छापा मारा और 500 रुपये के 120 नोटों समेत 60,000 रुपये नकद बरामद किए। वहीं पुलिस ने रोहित बावने के पास से 2,000 रुपये का एक नोट और 500 रुपये के 120 नोटों समेत 62,500 रुपये और किशोर बहोरिया के पास से 500 रुपये के 160 नोटों समेत 80,000 रुपये बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार, आरोपी अनिल जैन के निर्देश पर काम कर रहे थे, जिसके पास कथित तौर पर बड़ी मात्रा में बंद हो चुके नोट थे।

# प्रदेश में बनाए जाएंगे भाजपा के डेढ़ करोड़ सदस्य!



**> प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले का निर्णय**
**> नड्डा ने बावनकुले का अभिनंदन किया**
**> 15 जनवरी तक प्रदेश में अभियान**

**नागपूर.**

नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व अभियान की केंद्रीय कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले ने महाराष्ट्र में भाजपा के डेढ़ करोड़ सदस्य बनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान इसी कार्यशाला में राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी.नड्डा द्वारा सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी.नड्डा की मौजूदगी में रविवार को कार्यशाला आयोजित की गई। संगठन के विस्तार पर देशव्यापी चर्चा हुई. इस मौके पर देशभर के सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, केंद्रीय मंत्री, प्रमुख पदाधिकारी और केंद्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे.

दिलचस्प बात यह है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी.नड्डा द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने बावनकुले को बधाई दी और प्रशंसा की. पार्टी के मुंबई अध्यक्ष श्री आशीष शेलार का भी अभिनंदन किया गया।

**कार्यकर्ताओं को सम्मान प्रदान करना**

अभिनंदन का उत्तर देते हुए बावनकुले ने कहा कि आज का यह क्षण न केवल मेरे लिए गौरव का क्षण है, बल्कि यह मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ताओं पर पार्टी द्वारा किये गये विश्वास की पुष्टि, पार्टी नेतृत्व द्वारा दी गयी जिम्मेदारी का पूर्ण निर्वाह है। मैं अभिनंदन के इस क्षण को अपने हृदय में संजोकर रख रहा हूं। मैं यह सम्मान अपने कार्यकर्ताओं को समर्पित करता हूं।' प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी,

गृह मंत्री श्री अमितभाई शाह, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी। नड्डा, मुझे पता है कि आज मेरी सफलता में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस की कड़ी मेहनत ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। बावनकुले ने भी उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया और यह भी महसूस किया कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का मार्गदर्शन मेरे लिए मूल्यवान है।

### महाराष्ट्र की संगठनात्मक जानकारी

चन्द्रशेखर बावनकुले ने राज्य में शुरू किये गये सदस्यता पंजीयन अभियान और उस विषय की योजना के बारे में विस्तृत वक्तव्य और प्रस्तुतीकरण दिया. उन्होंने कहा कि 1 जनवरी से 15 जनवरी तक पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा और 5 जनवरी को विशेष अभियान चलाया जाएगा. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष से लेकर बूथ कार्यकर्ता तक पूरा संगठन रजिस्ट्रेशन करेगा.

# छब्बीसवीं शरीफ पर बाबा ताजुद्दीन की दरगाह में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**नागपुर.**

हजरत बाबा सैयद मोहम्मद ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह की छब्बीसवीं शरीफ का आयोजन रविवार को ताजाबाद दरगाह परिसर में श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस मौके पर हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट द्वारा कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ट्रस्ट कार्यालय में दस्तारबंदी के साथ हुई। इसके बाद दरगाह परिसर में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। इसके पश्चात सलातो सलाम पढ़ा गया और सामूहिक दुआ मांगी गई। इस अवसर पर सूफियाना कव्वाली, मिलाद शरीफ और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान दरगाह के लंगरखाने में श्रद्धालुओं को लंगर वितरित किया गया। कार्यक्रम में हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट के चेयरमैन प्यारे जिया खान, सचिव ताज अहमद राजा, उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र जिचकार, हाजी इमरान खान ताजी, गजेंद्रपाल सिंह लोहिया, मुस्तफाभाई टोपीवाला, बाबा ताजुद्दीन दरगाह खुद्दाम ट्रस्ट के अध्यक्ष सैयद मोबीन ताजी, और ताजबाग शाही मस्जिद के इमाम खुर्शीद आलम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। हजारों की संख्या में जायरीन छब्बीसवीं शरीफ पर शामिल होकर बाबा ताजुद्दीन की दरगाह में अपनी श्रद्धा अर्पित की।

# नागपुर में आयोजित होगा 9वां अखिल भारतीय किराड़, किरात, किरार समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन

## > फरवरी 2025 में देशभर के 5000 से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना

**नागपुर.**

समाज की एकता और विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से आगामी फरवरी 2025 में नागपुर में अखिल भारतीय किराड़, किरात, किरार, धाकड़, नागर, मालव, और पंजाबी किराड़ समाज का 9वां राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा।

इस भव्य आयोजन में समाज के युवाओं के लिए वैवाहिक परिचय सम्मेलन, समाजसेवियों का सत्कार और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अखिल भारतीय किराड़ समाज सेना महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीपसिंह सूर्यवंशी ने बताया कि यह आयोजन समाज की सामाजिक समरसता और विकास को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज



को एक मंच पर लाना और उसे विकास के लिए प्रेरित करना आज की आवश्यकता है। सूर्यवंशी ने बताया कि देशभर में फैले किराड़, किरात, किरार, धाकड़, नागर और पंजाबी समाज को आपस में जोड़ने और उनकी सामूहिक पहचान को सशक्त बनाने का यह प्रयास है। इस अधिवेशन में सामाजिक और आर्थिक पहलुओं पर चर्चा के साथ समाज के अति विशिष्ट लोगों का सम्मान भी होगा।

**आरक्षण और शिक्षा में उपलब्धियां**

सूर्यवंशी ने समाज को महाराष्ट्र में आरक्षण दिलाने में समाजसेवियों और नेताओं के योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस और विधायक कृष्णा भाऊ खोपडे के सहयोग से समाज को आरक्षण का लाभ मिला। आज समाज के युवा शिक्षा, चिकित्सा, उद्यम और रोजगार के क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

### विशिष्ट अतिथि होंगे देवेंद्र फडणवीस

कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सूर्यवंशी ने बताया कि जल्द ही इस आयोजन की पूरी रूपरेखा प्रकाशित कर देशभर के समाज बंधुओं को भेजी जाएगी।

### बैठक में शामिल प्रमुख लोग

इस महत्वपूर्ण बैठक में महाराष्ट्र किराड़ समाज संगठन के अध्यक्ष राजेश झाड़े पाटील, अनिल महादुले, किशोर महादुले, सुरेश बालकोटे सहित कई वरिष्ठ समाजसेवी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का प्रभावी संचालन प्रोफेसर तेजसिंह किराड़ ने किया।

# समय पर शुरू नहीं हुआ पेपर, अभ्यर्थियों ने किया हंगामा



**नागपुर.**

चंद्रपुर मध्यवर्ती बैंक में खली पदों को लेकर आयोजित परीक्षा में टेक्नीकल समस्या के कारण पेपर देने आये अभयर्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। घंटो इंतजार करने के बाद भी पेपर शुरू नहीं हो पता। जिसके बाद अभ्यर्थियों ने प्रशासन से पेपर रद्द करने की मांग की है।

चंद्रपुर मध्यवर्ती बैंक ने 340 पदों के लिए भर्ती बुलाई है। जिसमें 90 प्यून और 250 क्लर्क की पोस्ट शामिल है। भर्ती के लिए पिछले कई दिनों से राज्य के विभिन्न हिस्सों में परीक्षा ली जा रही है। इसी के तहत रविवार को नागपुर में परीक्षा का आयोजन किया गया। शहर के सदर स्थित परीक्षा केंद्र पर करीब 300 अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए राज्य के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे। हालांकि, जैसे ही परीक्षा शुरू हुई। सिस्टम या जिस ऐप के माध्यम से परीक्षा का आयोजन किया था उसमे सर्वर की दिक्कत हो गई।

अभ्यर्थियों की शिकायत पर सिस्टम को बंद कर दोबारा शुरू किया गया। परीक्षा चल ही रही थी कि, एप अपने आप ही बंद पड़ गया। काफी मशक्कत के बाद भी वह दोबारा शुरू नहीं हो पाया। परीक्षा का समय दोपहर ढाई से साढ़े चार बजे तक था, लेकिन समय बीतने के बाद भी पेपर दोबारा शुरू नहीं हो पाया। जिसके कारण अभयर्थियों ने वहां हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे को देखते वहां मौजूद पुलिस ने सभी को समझने का प्रयास किया लेकिन छात्र हंगामा करते रहे।

अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि, लगातार इस तरह की दिक्कत सामने आ रही है। जलना, पुणे में भी इसी तरह की दिक्कत सामने आई थी, लेकिन इसका कोई समाधान नहीं निकाला गया। अभ्यर्थियों ने कहा कि, परीक्षा देने के लिए वह दूर-दूर से यहां पहुंचे हैं, लेकिन समय पर पेपर शुरू नहीं होने के कारण उनको बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। समय पर परीक्षा शुरू नहीं होने और कईयों के वापस लौट जाने के कारण पेपर रद्द करने की मांग भी अभ्यर्थियों द्वारा की है।

# भिवापुर एमआईडीसी के नेशनल फूड प्रोडक्ट्स को सदिच्छा भेंट

**भिवापुर.**

एमआईडीसी परिसर स्थित नेशनल फूड प्रोडक्ट्स को एच.आर. वाघमारे, विभागीय अधिकारी, उद्योग भवन नागपुर तथा केंद्र प्रमुख, उपकेंद्र हिंगना एमसीईडी नागपुर, और डॉ. विलास आठवले, सुरक्षा प्रभारी, महाराष्ट्र विधानमंडल सचिवालय, विधान भवन, मुंबई) ने रफीक शेख मिर्चीवाले व अन्य शुभचिंतकों के साथ सदिच्छा भेंट दी। भिवापुर क्षेत्र में रोजगार की समस्या लंबे समय से गंभीर रही है, लेकिन इस चुनौती पर काबू पाते हुए नेशनल फूड प्रोडक्ट्स ने एमआईडीसी परिसर में बेकरी उत्पादों का निर्माण कर स्थानीय युवाओं और महिलाओं को रोजगार



प्रदान किया है। इस सराहनीय पहल के लिए हाजी नासीर को अधिकारियों व शुभचिंतकों ने बधाई और प्रशंसा दी।

नेशनल फूड प्रोडक्ट्स भिवापुर के लोगों को ताजे और स्वादिष्ट बेकरी उत्पाद प्रदान करने में अग्रणी है। अधिकारियों और मेहमानों ने बेकरी का निरीक्षण किया और इसके संचालन की सराहना की।

# पारडी फ्लाईओवर पर बड़ा हादसा, व्यक्ति पिलर पर अटका; सुरक्षित किया गया रेस्क्यू

**नागपुर.**

नागपुर के पारडी इलाके में बड़ा हादसा टल गया. पारडी फ्लाईओवर के ऊपर पिलर पर एक व्यक्ति गिर गया। जिसके बाद रेस्क्यू कर शख्स को सुरक्षित नीचे उतारा गया। नागपुर के पारडी इलाके में रविवार दोपहर एक व्यक्ति अचानक फ्लाईओवर के ऊपर अटक गया. इस घटना की जानकारी मिलते ही कलमना अग्निशमन केंद्र और पारडी पुलिस स्टेशन की टीम ने मिलकर तत्काल राहत कार्य शुरू किया।रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान करीब आधे घंटे की कड़ी मेहनत के बाद व्यक्ति को सुरक्षित नीचे उतारा गया. पीड़ित व्यक्ति का नाम नितिन नवघरे कावले बताया गया है। इस घटना में वह चोटिल



था। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। बताया गया है कि वह फ्लाईओवर की रंगाई का काम कर रहा था। इसी बिच सेफ्टी केबल टूट गया। जिससे वह फ्लाईओवर के ऊपर ही अटक गया। घटना के बाद रेस्क्यू टीम ने उसे सुरक्षित नीचे उतारने में सफलता पाई।

# नागपुर में अखिल भारतीय मुस्लिम महिला एसोसिएशन की ओर से ऐतिहासिक महिला सम्मेलन का आयोजन

## > शिक्षा, नेतृत्व और सामाजिक सुधार पर केंद्रित महिलाओं की महत्वपूर्ण सहभागिता

**नागपुर.**


अखिल भारतीय मुस्लिम महिला एसोसिएशन के तत्वावधान में नागपुर में ऐतिहासिक महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में देशभर से प्रतिष्ठित महिलाओं ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य मुस्लिम महिलाओं के बौद्धिक विकास, शैक्षिक जागरूकता और सामाजिक सुधार के साथ-साथ इस्लामी मूल्यों को बढ़ावा देना था।

डॉ. अस्मा ज़ोहरा ने सम्मेलन के मुख्य भाषण में कहा, "हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने कार्यों को अच्छे और परोपकारी कार्यों में लगाएं। कर्नाटक में हिजाब विवाद, मुस्लिम पर्सनल लॉ की चुनौतियाँ, असम में बाल विवाह का मुद्दा और महिलाओं की सुरक्षा जैसे विषय हमारे सामने प्रमुख हैं।

हमें इस्लामी शिक्षाओं के अनुसार इन समस्याओं का समाधान निकालना होगा।" सुश्री नीलम ग़ज़ाला ने कहा, "मुस्लिम उम्माह में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। शिक्षा के क्षेत्र में धर्मनिरपेक्ष और धार्मिक दोनों प्रकार की शिक्षा पर ध्यान देना जरूरी है। अखिल भारतीय मुस्लिम महिला एसोसिएशन महिलाओं के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करता है, जिससे जुड़कर महिलाएं अपने भविष्य को सशक्त बना सकती हैं।" सुश्री वहीदा सैयद, शिक्षक सशक्तिकरण कार्यक्रम की संयोजक, ने कहा, "मुस्लिम समुदाय को अशिक्षा, गरीबी और अज्ञानता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। शिक्षित महिलाएं इन समस्याओं के समाधान में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं।" सम्मेलन में मुस्लिम उम्माह के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर गहन चर्चा हुई। इसमें सुश्री तरनम शेख, डॉ. शबनम, डॉ. निलोफर, सुश्री देरख्शां, डॉ. तय्यबा अंसारी, डॉ. मदीहा, और कई अन्य विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।

एसोसिएशन की महासचिव सुश्री उज़्मा पारिक ने समापन भाषण में कहा, "यह सम्मेलन महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सामाजिक-शैक्षणिक भूमिका को मजबूत करने की दिशा में एक सफल पहल साबित हुआ।"



# रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म टिकट बिक्री पर लगी अस्थायी रोक

## > नागपुर, अकोला, समेत राज्य के कई स्टेशनों पर फैसला लागू

**नागपुर.**

लोग नए साल का जश्न मनाने के लिए बाहर निकलते हैं और हर जगह भीड़ होती है। वर्ष के अंत में होने वाली भीड़ से बचने के लिए मध्य रेलवे ने चुनिंदा प्रमुख स्टेशनों पर प्लेटफार्म टिकटों की बिक्री पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है।

इस प्रतिबंध का उद्देश्य प्लेटफार्मों पर भीड़ को प्रबंधित करना और स्टेशन क्षेत्र में यात्रियों के आवागमन को नियोजित करना है।



प्लेटफ़ॉर्म टिकट बिक्री प्रतिबंध 29 दिसंबर, 2024 से 2 जनवरी, 2025 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक प्रभावी रहेंगे। 14 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री बंद रहेगी। इसमें महाराष्ट्र के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, दादर, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, थाने, कल्याण, पनवेल, पुणे, नागपुर, नासिक, भुसावल, अकोला, सोलापुर, कलबुर्गी और लातूर जैसे स्टेशन शामिल हैं।

### लेकिन उन्हें छूट दी गई है

बुजुर्गों, वरिष्ठ नागरिकों, बीमार लोगों, बच्चों, अशिक्षित लोगों और महिला यात्रियों, जो अकेले यात्रा नहीं कर सकते, को यात्रा सुविधा के लिए छूट दी जा रही है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे वर्ष के अंत और नए वर्ष की शुरुआत में सुगम और सुरक्षित यात्रा के लिए नए नियमों की योजना बनाएं और उनका पालन करें।

# अब पालकमंत्री की नियुक्ति की ओर टीकी निगाहें

**गोंदिया.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नवगठीत मंत्रीमंडल में गोंदिया जिले के किसी विधायक को स्थान नहीं मिलने के बाद अब यह तय हो गया है कि गोंदिया जिले को बाहरी जिले का निवासी पालकमंत्री ही मिलेगा। लेकिन पालकमंत्री कौन होगा? इसकी ओर अब सबकी नजरे लगी हुई है। एक चर्चा के अनुसार जिस जिले में महायुती के जिस घटक दल के विधायक अधिक होंगे उस दल का ही पालकमंत्री होगा यह तय किया गया है। लेकिन गोंदिया जिले में राकांपा के राष्ट्रीय नेता सांसद प्रफुल पटेल के प्रभाव को देखते हुए पालकमंत्री राकांपा का रहने की प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही है। 5 दिसंबर को राज्य मंत्री मंडल के गठन के पहले चरण में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ उपमुख्यमंत्री के रूप में एकनाथ शिंदे एवं अजित पवार ने शपथ ली थी।

# बच्चे के जन्म पर परिजनों से वसूली जा रही 'बधाई'

## गोंदिया के बीजीडब्ल्यू अस्पताल में कर्मचारी कर रहे लूट-खसोट

**गोंदिया.**

सरकारी अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी का कोई चार्ज नहीं है। लेकिन बच्चे के जन्म के बाद बधाई चार्ज के तौर पर 500 से लेकर 1000 रुपए तक देने पड़ रहे हैं। यदि कोई बधाई चार्ज नहीं देता है तो उसे मानसिक तौर से परेशान किया जाता है। डराया जाता है। अपशब्द कहे जाते हैं। इसी तरह का हाल गोंदिया के बाई गंगाबाई महिला व बाल चिकित्सालय का है। बता दें कि अस्पताल के कर्मचारियों का इतना डर होता है कि घबराए परिजन उनके खिलाफ कुछ नहीं बोल पाते और मुंहमांगी बधाई थमा देते हैं। एक-दो लोग होते हैं जो उनके खिलाफ बोलने की हिम्मत रखते हैं। यह सिर्फ बाई गंगाबाई महिला चिकित्सालय की बात नहीं है, बल्कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों की है, जहां डिलीवरी होती है। सबसे ज्यादा खराब हालत बाई गंगाबाई महिला अस्पताल में ही है। यहां कोई रोक-टोक नहीं है। इसमें सफाई कर्मचारी से लेकर कांट्रैक्ट पर काम करने वाले अन्य कर्मचारियों की मिलीभगत होती है। सफाई कर्मचारी तो यहां आनेवाले लोगों पर इतना भड़कते हैं कि मानो पूरा अस्पताल ही उनका हो। तू तड़ाक से बात करना, अपशब्दों का उपयोग करना मानो उनकी आदत सी हो गई है। मरीजों के परिजनों और सफाई कर्मचारियों की हर दिन बहस होते रहती है। इतना ही नहीं प्रसूता महिला के सैनेटरी पैड बदलने के लिए आनेवाली महिलाएं रुपयों की मांग प्रसूता महिला से करती है।

**सरकारी अस्पतालों में रिकार्ड डिलीवरी**

गोंदिया के बाई गंगाबाई महिला व बाल चिकित्सालय में डिलीवरी की बेहतर सुविधाएं होने के कारण रिकार्ड डिलीवरी होती है। यहां एक दिन में 25 से 30 डिलीवरी होती हैं। इस अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक सुरक्षित डिलीवरी कराने में प्रतिबद्ध हैं, चिकित्सक डिलीवरी के लिए आनेवाली महिलाओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा दे रहे हैं।

# वंचित बहुजन आघाड़ी की ओर से 'वहां शाखा, गांव वहां बोर्ड' अभियान



**खापरखेड़ा.**

वंचित बहुजन आघाड़ी द्वारा सावनेर कलमेश्वर विधानसभा क्षेत्र में "गांव वहां शाखा, गांव जहां शाखा बोर्ड" अभियान चलाया जा रहा है, विशेष रूप से हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव को लेकर जिला परिषद सर्कल संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण बैठक की गई।यह बैठक सावनेर रेस्ट हाउस में आयोजित कि गई थी। बैठक में वंचित बहुजन आघाड़ी के जिला प्रभारी एवं कार्यकारिणी सदस्य कुशल मेश्राम की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव अजय सहारे की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई. जिला परिषद सर्कल की जिम्मेदारी स्थानीय स्तर पर पदाधिकारियों को दी गई. इसी प्रकार खापरखेड़ा से इंजी. शुभम वाहने ने अपने कार्यकर्ताओ के साथ वंचित बहुजन अघाड़ी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय बालासाहेब अम्बेडकर के नेतृत्व में काम करने के लिए पार्टी में प्रवेश किया। इस अवसर पर सावनेर कलमेश्वर की महिला, युवा आघाड़ी, जिला, तहसील पदाधिकारी और कार्यकर्ता, शांताराम ढोके, दादाराव लांजेवार, मधुकर बागडे, अरूण गजभिये, देवराव भांगे, विजय बागडे, संदीप गोंडूके, धनेश्वर ढोके, मनोज बागडे, अमोल डोंगरवार, पंकज गायकवाड, शुभम वाहने, मधुकर बोरकर, किशोर मडके, आनंद बागडे, हुकूमचंद मेश्राम, नरोत्तम मडकवार, छाया सहारे, माया पाटील, अनिता निकोसे, मनीष शेंडे, वैभव येवले, कला भौतकर, सुकेशनी पाटिल, शकुंतला मेश्राम, शांता रक्षित, सरला बागडे, पदमा बागडे, झिंगु खोब्रागडे, शांता खोब्रागडे, राकेश गोंडूले, क्रिष्णा मून, भुजंग नारनवरे, विकास तागडे, आशिष पाटिल, धनंजय दुपट्टे, संघपाल गजभिये, भाऊराव लांजेवार, पंकज नारनवरे आणि राजू मेश्राम सह अनेक लौगो का सहभाग रहा।

# ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत, हावड़ा-मुंबई लौहमार्ग पर हुई घटना

**गोंदिया.**

ट्रेन से कटकर 60 वर्षीय वृद्ध की मृत्यु होने की घटना हावड़ा-मुंबई लोहमार्ग के पदमपुर परिसर में घटित हुई। मृतक का नाम आमगांव तहसील के बोरकन्हार निवासी तुकाराम मेश्राम बताया गया है। यह घटना 28 दिसंबर को सुबह के दौरान घटित हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 दिसंबर को आमगांव तहसील के पदमपुर परिसर में रेलवे रूट पर मॉर्निंग वॉक करनेवाले नागरिकों को एक अज्ञात शव दिखाई दिया। जिसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी आमगांव पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही आमगांव पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक तिरुपति राणे ने संबंधित पुलिस हवलदार उदेराम उइके, सहायक फौजदार यशवंत सयाम को घटना स्थल पर भेजा और जांच की गई। परिसर के नागरिकों को इसकी जानकारी दी गई। जांच में पता चला कि मृतक तुकाराम यह रात को अपने परिवार के साथ सोया था। लेकिन घर के सदस्यों ने सुबह तुकाराम को बिस्तर पर देखा तो वह दिखाई नहीं दिया। परिवारजनों ने गांव में इधर उधर खोजबीन की। लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चला। अज्ञात व्यक्ति का शव रेलवे रूट पर मिलने की जानकारी मिलते ही घर के सदस्य घटना स्थल पर पहुंचे तो, मृतक का बेटा सुखचंद तुकाराम मेश्राम ने मृतदेह की पहचान की। जिसके बाद आमगांव पुलिस व रेलवे पुलिस ने घटना स्थल का पंचनामा कर मृतदेह शव विच्छेदन के लिए ग्रामीण अस्पताल आमगांव में भेजा है। मामले की जांच पुलिस निरीक्षक राणे के मार्गदर्शन में पुलिस हवलदार उदेराम उइके व यशवंत सयाम कर रहे हैं।

# भाजपा ने मनाया पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी का जन्मदिन



**कन्हान.**

भाजपा की टेकाड़ी ग्राम शाखा की ओर से हनुमान चौक टेकाड़ी में पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई. अटलबिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर उपस्थितों ने माल्यार्पण कर उन्हें अभिवादन किया. वक्ताओं ने अटलजी की कविताओं का पठन किया एवं समाज सुधार के कार्यों में उनके योगदान की चर्चा की. इस अवसर पर भाजपा नेता देवेंद्र सिंह सेंगर, शिवसेना नेता नंदकिशोर लेकुरवाले, मनोज सातपैसे, विनोद सातपैसे, कुणाल वासाडे, अविनाश कांबले, राधेश्याम उमाले, श्रीराम डोकरीमारे, विषधर कांबले, मनोज लेकुरवाले, रोशन बालबुधे, मयूर सेलोकर, जगदीश सावरकर, जनार्दन सातपैसे आदि उपस्थित थे.

# पांच अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्रवाई, हजारों का माल बरामद

**गोंदिया.**

गोंदिया जिला पुलिस ने अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने का अभियान तेज कर दिया है। प्रतिदिन अवैध शराब विक्रेताओं के अड्डों पर छापामार कार्रवाई कर शराब सहित माल को जब्त किया जा रहा है। 27 दिसंबर को गोंदिया ग्रामीण, चिचगढ़, अर्जुनी मोरगांव पुलिस ने कार्रवाई कर अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। सर्वाधिक 3 कार्रवाई अर्जुनी मोरगांव पुलिस ने की है। गोंदिया ग्रामीण पुलिस ने फरियादी पुलिस हवलदार देवानंद जियालाल पारधी की शिकायत पर भदुटोला कारंजा निवासी लोकेश ताराचंद लामकासे (35) के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने आरोपी के घर की तलाशी ली तो देशी शराब, विदेशी शराब, महुआ फूल की शराब मिली। इस मामले में पुलिस ने 3 हजार 580 रुपए के माल को जब्त कर लिया है। जबकि चिचगढ पुलिस ने ककोड़ी निवासी आरती सुनील दुबे (34) के खिलाफ मामला दर्ज कर 490 रुपए की शराब को जब्त किया है। अर्जुनी मोरगांव पुलिस ने बाजारवाड़ी निवासी सरीता मोहनलाल पशिने (62) के खिलाफ कार्रवाई कर 320 रुपए की शराब जब्त की है। जबकि ईटखेड़ा में शलिक बकाराम शेंडे (36) के खिलाफ मामला दर्ज कर 875 रुपए एवं बोंडगांवदेवी निवासी प्रभाकर दादाजी धारगांवे (64) के खिलाफ कार्रवाई कर 3 हजार रुपए की शराब को अर्जुनी मोरगांव पुलिस ने जब्त कर लिया है। सभी आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग पुलिस थानों में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# जिप सीईओ ने स्वास्थ्य उपकेंद्र में अचानक दी दस्तक, किया निरीक्षण

**गोंदिया.** गोंदिया जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगानंथम ने 28 दिसंबर को दोपहर 1 बजे आरोग्य वर्धिनी उपकेंद्र जामखारी में अचानक भेंट देकर स्वास्थ्य संस्था के माध्यम से दी जा रही स्वास्थ्य सेवा व सुविधाओं का जायजा लिया।

जिप सीईओ एम. मुरुगानंथम ने सर्वप्रथम आमगांव तहसील की जामखारी ग्राम पंचायत में आकस्मिक भेंट देकर जलजीवन मिशन के कामकाज का निरीक्षण किया। इसके बाद दोपहर 1 बजे पीएचसी तिगांव अंतर्गत उपकेंद्र जामखारी को भेंट देकर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस समय जिप सदस्य छबुताई उइके, सरपंच मुकेश शिवणकर व दुष्यंत किरसान उपस्थित थे। 28 दिसंबर को शनिवार होने से उपकेंद्र में स्वास्थ्य सम्मेलन में लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही थी। राज्य सरकार के मार्गदर्शक सूचना के अनुसार हर शनिवार को स्वास्थ्य संस्था में थीम के अनुसार लोगों लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाती है। स्वास्थ्य संस्था में समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रशांत बिसेन के माध्यम से असंसर्गजन्य कार्यक्रम अंतर्गत लोगों के रक्तदाब व मधुमेह संबंधी रक्तशर्करा स्तर की जांच की जा रही थी। इस दौरान आशा सेविका मंगलाबाई बोपचे, प्रभावति बघेले व मरीज उपस्थित थे। जिसे देख सीईओ मुरुगानंथम ने कर्मचारियों की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने उपकेंद्र के बाहर एवं अंदर की सफाई, ओपीडी के दौरान मिल रही सुविधा, क्षेत्रीय कर्मचारियों की नियमित गांव निहाय भेंट नियोजन करने आदि की सूचना उन्होंने दी।

# खापा में 'नामगजर' समारोह संपन्न



**खापा.**

खापा स्थित संत पतिराम महाराज वाड़ी में नरेंद्र महाराज प्रतिष्ठान, नानीजधाम के तत्वावधान में 28 दिसंबर को नामगजर संस्कार का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे माऊली की प्रतिमा की पूजा-अर्चना से हुई, जिसे अतिथियों निखिल शेंडे, विजया शेंडे, हेमराज बडवाईक और विद्या बडवाईक ने संपन्न किया।

इसके बाद दीप प्रज्वलन माऊली नवनिर्माण उद्योग समूह के अध्यक्ष देवेन्द्र दलाल, सीईओ उमेश काले, और पूर्व तहसील अध्यक्ष मोरेश्वर पुंड द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसील अध्यक्ष राजेंद्र जोगी थे। खापा सेवा केंद्र समिति के अध्यक्ष भुजंगराव भिंगारे और नंदापुर सेवा केंद्र समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम नागपुरकर भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समारोह में संजय मानकर, राजकुमार आरगोड़े समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। नामगजर संस्कार के इस आयोजन में भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।आयोजन को सफल बनाने में नरेन्द्र आष्टणकर, मोरेश्वर बडवाइक, भगवान मदनकर, सुनील शेंडे, प्रशांत बारापात्रे, वेदांत भिंगारे, और वंदना ठमके समेत कई लोगों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन भक्तों को महाप्रसाद वितरित करने के साथ किया गया।

# प्रणित मोरे के मकान पर फाइनेंस कंपनी का दावा

## > 7 में एक भी आरोपी नही चढ़ा पुलिस के हत्थे!

**दिग्रस।**

जमाकर्ताओ की करोड़ो की जमापूंजी को हड़प कर फरार हो चुके जनसंघर्ष अर्बन निधि लिमिटेड के सर्वेसर्वा प्रणित मोरे के संभाजी नगर स्थित मकान पर आधार हाउसिंग फाइनांस लिमिटेड की यवतमाल शाखा ने दावा ठोक दिया है. इस मकान पर लिखी सूचना में स्पष्ट रूप से चेतावनी दि गयी है कि यह संपत्ति आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमटेड की यवतमाल शाखा में बंधक है. इसमे किसी भी प्रकार का लेनदेन न करे और इस लिखावट के साथ छेड़छाड़ न करें अन्यथा दंडात्मक कारावाई की जाएंगी. यवतमाल और वाशिम जिले में 7 शाखाओं के माध्यम से हजारों जमाकर्ताओ की लगभग 45 करोड़ो की जमापूंजी को चुना लगा कर प्रणित मोरे और अन्य 6 लोग फरार हो चुके है. एक तरफ प्रणित मोरे की संपत्तियों को सील कर सम्बंधित फाइनेंस कंपनियां अपना दावा ठोक रही है लेकिन दूसरी तरफ जनसंघर्ष अर्बन निधि द्वारा ठगे गए हजारों आम जमाकर्ताओं का संघर्ष सुलझने के बजाए जटिल और बोझिल होता जा रहा है उन्हें अपनी जमापूंजी दोबारा मिलने की कोई ठोस उम्मीद नजर नही आरही क्योकि प्रणित मोरे और अन्य 6 आरोपी फरार हो कर 3 सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है. लेकिन अब तक 7 में से कोई एक आरोपी पुलिस के हाथ नही लगा है. जिस वजह




से यवतमाल और वाशिम जिले के हजारों जमकर्ताओ में नाराजी देखी जा रही है.

**पुलीस से बंधी है जमाकर्ताओं की आंस!**

गौरतलब है कि पुलीस विभाग सहित आर्थिक अपराध शाखा के अधिकारी और पुलीसकर्मियों ने उपरोक्त मामला सामने आने के पश्चात जमकर्ताओ की शिकायतें दर्ज कराई और जनसंघर्ष की सातों शाखाओं के जरूरी दस्तावेजों को जब्त कर सातों शाखाओं को सील ठोक दिया.

लेकिन दस्तावेजों की जब्ती और शाखाओं को सील ठोकने से ज्यादा कारावाई आगे नही बढ़ने से जमाकर्ताओ में निराशा छाई है. जमाकर्ताओ की यही निराशा अब चौक चौराहों ,गली मोहल्लों की चर्चाओं से लेकर सोशल मीडिया पर जारी तर्क वितर्क के माध्यम से सामने आ रही है. ऐसा नही है कि पुलिस विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है वह अपनी रफ्तार से इस मामले के आरोपियों की तलाश में जुटा हुआ तो है.

लेकिन ठगे गए जमाकर्ताओ की स्थिति दलदल में फंसे किसी अभागे सी हो गयी है डूबने वाले को तिनके का सहारा ही बहोत होता है और फिलहाल केवल पुलीस जांच के सहारे ही ही जमाकर्ता उम्मीद की कश्ती में सवार है. ऐसे में देखना होगा के उम्मीद की इस नाव सवार जमकर्ताओ के निराशा का दौर युहीं जारी रहता है या फिर पुलिस विभाग अपनी जांच को और ज्यादा प्रखरता से अंजाम देकर जमाकर्ताओ के लिए जरुरी तथा अपेक्षीत समाधान और न्याय से परीपूर्ण परिणाम प्रदान करती है.

# विभिन्न मांगों को लेकर वेकोलि मुख्यालय में सांसद बर्वे की अध्यक्षता में हुई बैठक

**कन्हान.**

रामटेक क्षेत्र के सांसद श्याम कुमार बर्वे ने वेकोलि मुख्यालय नागपुर में वेकोलि अधिकारियों के साथ एक बैठक की. जिसमें वेकोलि के लंबित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और विभिन्न मुद्दों को तुरंत हल करने का निर्देश दिया गया.




मंगलवार को वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय नागपुर में सांसद श्याम कुमार बर्वे की अध्यक्षता एवं पूर्व मंत्री सुनील केदार, उमरेड विधायक संजय मेश्राम की प्रमुख उपस्थिति में रामटेक क्षेत्र की कई समस्याओं के संबंध में एक चर्चा बैठक आयोजित की गई. इस समय कोल फ़ील्ड प्रबंधन के साथ कोल फ़ील्ड नागपुर क्षेत्र एवं उमरेड क्षेत्र के नागरिकों की विभिन्न लंबित समस्याओं पर गहनता से चर्चा की गई. जातिगत किसानों की कृषि भूमि अधिग्रहण के बदले रोजगार देने में देरी, वेकोली खदान से प्रभावित ग्राम पंचायत का पुनर्वास, कृषि भूमि अधिग्रहण करते समय किसानों को रोजगार, स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे, ठेकेदार द्वारा मजदूरों को उचित मजदूरी और सुविधाएं देना जैसे नियम के अनुसार, महिलाएं स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति देकर उत्तराधिकारियों को रोजगार देती हैं, वेकोलि द्वारा खेलनिर्देश दिया गया कि कोयला प्रबंधन द्वारा सीएसआर फंड से कोयला खदान प्रभावित गांव क्षेत्र के विकास, जमीन की व्यवस्था जैसे विभिन्न लंबित मुद्दों को तुरंत हल किया जाना चाहिए.

इस मौके पर इंटक राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक एस.क्यु.जमा, इंटक नागपुर क्षेत्र अध्यक्ष नरेश बर्वे, ज़िला परिषद समाज कल्याण सभापति मिलिंद सुटे, प.स. उपसभापति सुरेश लेंडे, ग्रा पं घाटरोहणा सरपंच किशोर बेहुने, गोंडेगाव सरपंचा मनिषा दलाल, कांद्री पूर्व सरपंच बलवंत पडोळे, ग्रा पं टेकाडी सदस्य सतीश घारड, वेकोलि प्रबंधन अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक जे.पी. द्विवेदी, निदेशक वित्त एवं निदेशक कर्मिक विक्रम घोष, निदेशक तांत्रिक अनिल कुमार सिंह, महाप्रबंधक औद्योगिक आर.के. सिंह, नागपुर क्षेत्रिय महाप्रबंधक सुनील कुमार, उपक्षेत्रीय प्रबंधक शरद दीक्षित, आर.बी वर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत

## मनसर-कांद्री क्षेत्र की घटना

**नागपुर.**

रामटेक तहसील वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 44 जबलपुर-नागपुर मार्ग पर मनसर-कांद्री क्षेत्र में रविवार सुबह एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 5 वर्षीय मादा तेंदुए की मौत हो गई. राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 44 पर सुबह 7 बजे के लगभग एक 5 वर्षीय मादा तेंदुआ को अज्ञात वाहन टक्कर मार कर फरार हो गया. इसकी जानकारी मिलने पर रामटेक के वन परिक्षेत्र अधिकारी अनिल भगत अपने दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे. तेंदुए के शव का पंचनामा कर शव को कब्जे में ले लिया गया है. वन परिक्षेत्र अधिकारी अनिल भगत के अनुसार मृत मादा तेंदुआ के शव का रामटेक में ही शव विच्छेदन कर वन विभाग के नियमनुसार उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा.



# तैलिक समाज ने संत जगनाड़े महाराज पुण्यतिथि हर्षोल्लास से मनाई

**कामठी.**




महाराष्ट्रीयन तेली समाज द्वारा समाज के संत संताजी जगनाडे महाराज की पुण्यतिथि उत्सव शनिवार को हर्षोल्लास मनाई गई. पुण्यतिथि उत्सव के अवसर पर के. रोडबाजी सुपारे स्मृति परिसर, सुपारे नगर, कलामना रोड स्थित श्री संत संताजी जगनाड़े महाराज सांस्कृतिक सभागृह पर सुबह 8 बजे से गुरु महाराज की पूजा-अर्चना, महाआरती व गुरु वंदना तथा भगवा ध्वज फहराया गया.

तत्पश्चात दोपहर गोपालकाला, कीर्तन व आरती, संत दर्शन सम्मेलन - श्री संत सखुमाता, श्री गजानन माऊली महिला भजन मंडल (उप्पलवाड़ी), स्नेह सम्मेलन, मेघावी छात्रों का सत्कार, दानदाताओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं का सत्कार, कार्यक्रम समापन पूर्व सुरुचि भोज का भी आयोजन किया गया. जिसका शहर तथा ग्रामीण के सैकडों की संख्या में तैलीक समाज बंधूओं ने लाभ लिया.

कार्यक्रम सफलतार्थ तैलिक समाज कामठी के अध्यक्ष राधेश्याम फकीराजी हटवार, उपाध्यक्षा सौ. सविता यशवंत कुल्लरकर, उपाध्यक्षा सौ. मंगला मनिष कारेमोरे, सचिव शंकरराव मधुकरराव वाडीभस्मे, सहसचिव हरिहर मानिकराव गायधने, कोषाध्यक्ष सुरेश संभाजी भनारे, सदस्य रामेश्वरजी सुगनचंदजी बावनकर, सदस्य गजानन रामाजी बावनकुळे, सदस्य ताराचंद कवडुजी मुंडले, सदस्य भैय्यालाल सुर्यभानजी माकडे, सदस्य मुकेश दादारावजी चकोले, सदस्य दिनेश पुरुषोत्तमजी आष्टणकर, सदस्य आनंदराव रामचंद्रजी चकोले सहित समस्त पदाधिकारी व तैलीक समाजबंधूओं ने परिश्रम किया.

# शिक्षकों की लापरवाही के कारण जिले के दो स्कूल बंद होने के कगार पर

## निरीक्षण में स्कूल में शराब की बोतलें बरामद, शिक्षक-प्रधानाचार्य गायब, शिक्षा पर संकट

**वर्धा.**




*उपरोक्त दोनों स्कुल यशवंत ग्रामीण संस्था के अधिनस्त है. परंतु संस्था के अध्यक्ष समीर देशमुख राजनितीक गतिविधीयों में व्यस्त है. लेकिन इन्हें राजनितीक गतिविधीयों की बजाय संस्था की ओर ध्यान देने की ज्यादा जरुरत है, ऐसी प्रतिकियाए विद्यार्थीयों के माता-पिता और नागरिक व्यक्त कर रहे है.*

ग्रामीण विद्यार्थीयों को उनके परिसर में ही अच्छी शिक्षा मिले इसिलिए जिला परिषद के ओर से स्कूल की निर्मिती की गयी है. शिक्षकों का काम भारत के अच्छे भविष्य का निर्माण करने का होता है. किंतु आज शिक्षकों के लापरवाही के वजह से जिले को जिला परिषद के दो स्कूल बंद होने की कगार पर है. इस वजह से विद्यार्थीयों का भविष्य संकट में आ गया है. इसका जिम्मेदार कोन, ऐसा सवाल पालक अब कर रहे है. फिरसे जिले में एक बार ग्रामीण स्तरपर शिक्षा क्षेत्र की खस्ताहालत का मुद्दा चर्चा में आया है. बता दें की शिक्षाधिकारी मनीषा भडंग जिला परिषद माध्यमिक वर्धा ने दि. 6 दिसंबर 2024 को यशवंत विद्यालय केलझर भाग सेलडोह स्कूल का दौरा प्रातः 10.15 बजे किया था. इस समय स्कूल में कोई नहीं था. गांव के बच्चे स्कूल में बैठे थे. स्कूल में शराब के गिलास, बोतल का कूड़ा दिखायी दिया. बच्चों ने शिक्षा अधिकारी से बातचीत दौरान बताया कि गांव के लोग स्कूल में रोज जुआ खेलते हैं.

उन्होंने यह भी कहा कि इस स्कूल का स्टाफ समय पर नहीं आता है. इसिलिए उन्हें दूसरे स्कूल में पढने जाना पडता हैं. क्योंकि उन्हें यहां के शिक्षक नही पढ़ा रहे हैं. स्कूल का माहौल बहुत खतरनाक है. स्कूल छात्रों के लिए सीखने के लिए अनुकूल नहीं है, आदी गंभीर बातों की जानकारी शिक्षा अधिकारी को निरीक्षण दौरान मिली. इसके बाद जब 6 दिसंबर 2024 को सुबह 10.45 बजे उन्होंने यशवंत हाईस्कूल केलझर का दौरा किया, तो वह भी यही नजारा देखने को मिला. स्कुल में शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी उपसि्थत नही थे. विद्यालय में सिर्फ विद्यार्थी उपस्थित थे. शिक्षाधिकारी ने बच्चों के अध्ययन स्तर की जाँच की. तो आठवीं कक्षा की छात्रा अंग्रेजी का एक भी शब्द नहीं पढ़ पायी. इतनी खस्ताहालत यहा के विद्यार्थीयों की है.इस विद्यालय में प्रधानाध्यापक स्कुल समय के बाद भी स्कुल नहीं आते हैं, यह काफी गंभीर मामला है. यह दूसरी बार है जब शिक्षा अधिकारी भडंग स्कूल के दौरे पर आए तो प्रिंसिपल मौजूद नहीं थे. छात्रों ने यह भी कहा कि प्रधानाचार्य कभी भी कक्षा में नहीं आते हैं. छात्रों ने बताया कि स्कूल के कुछ छात्र ट्यूशन क्लास लेकर अपना कोर्स पूरा करते हैं. इससे पहले भी शिक्षा अधिकारी ने 28/8/2024 को स्कूल का दौरा किया था और प्रिंसिपल को स्कूल में अनियमितताओं के बारे में सूचित किया था। लेकिन यह स्कूल अभी भी छात्रों के लिए उपयोगी नहीं है। इसिलिए दोनो स्कुल की गंभीर हालत को देखते हुए शिक्षाधिकारी ने इन दोनों स्कूलों को बंद करने की शिफारस जिला परिषद के शिक्षा विभाग व्दारा शिक्षा उपसंचालक नागपुर को एक ग्यापन से की है. क्यों की दोनों स्कूलों में छात्रों की जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं है. इस वजह से गाव में काफी खलबली मची हुई है. स्कुल के प्रधानाचार्य ओर शिक्षकों के लापरवाही के कारण ही आज दो स्कुल बंद होने की कगार पर है. इस वजह से यहा के बच्चों का शैक्षिक भविष्य संकट में आ गया है.

## शैक्षिक मूल्यों को संरक्षित करते हुए सांस्कृतिक विरासत का उपयोग करना आवश्यक: अग्निहोत्री




**वर्धा.** बापूजी वाडी सिंदी मेघे स्थित अग्निहोत्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित इंडक्शन और स्वागत समारोह "आरोहण" कार्यक्रम, 28 दिसंबर 2024 को शिव शंकर सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय अग्निहोत्री कॉलेज ऑफ फार्मेसी और अग्निहोत्री इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के सहयोग से किया गया। जय महाकाली शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष पं. शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षिक मूल्यों को संरक्षित करते हुए हमारी सांस्कृतिक विरासत का उपयोग करना आज की आवश्यकता है।

उन्होंने जीवन के संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघर्षों से भरे जीवन में सफलता पाने के लिए औषधीय विज्ञान, विद्यादान और अनुशासन की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने "आरोहण" शब्द का विस्तार से अर्थ समझाया और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने की। मुख्य अतिथि आदित्य शिरासागर (निदेशक, जेनेटेक लाइफसाइंसेज) ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए जीवन में सफलता के मूलमंत्र साझा किए। अग्निहोत्री इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य दिनेश वंजारी और अग्निहोत्री कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. प्रसाद जुमड़े ने अपने उद्बोधन में छात्रों को शिक्षा और व्यक्तित्व विकास के महत्व को समझाया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए विशेष स्वागत समारोह आयोजित किया गया। छात्रों ने अपना परिचय दिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इस अवसर पर "मी. फ्रेशर" और "मिस फ्रेशर" का चयन किया गया, जिसने समारोह को और भी उत्साहजनक बना दिया। इस आयोजन में प्रा. खुशबू व्यास ने मंच संचालन किया, जबकि अग्निहोत्री इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्र रंजीत कटरे ने परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. प्रसाद जुमड़े ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर अग्निहोत्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विभिन्न प्राध्यापकों, छात्रों और स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी की। उपस्थित प्रमुख नामों में प्रा. जयश्री दलाल, प्रा. प्रशांत वाके, डॉ. राम बावनकर, प्रा. वृषाली माकड़े, प्रा. अमित कुमार लोकड़े और अन्य शिक्षकगण शामिल थे। कार्यक्रम ने छात्रों में नई ऊर्जा का संचार करते हुए उनके भविष्य निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश दिया।

## जिले की गौशालाओं के आवेदन कल तक ऑनलाइन जमा करें: पशुपालन उपायुक्त



**भंडारा.** गौशालाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए 2024-25 से रुपये की सब्सिडी योजना शुरू की जाएगी। इसके लिए भंडारा जिले के गौशालों ने डी. पशुपालन उपायुक्त डॉ. अन्नू वरारकर द्वारा किया गया। इस योजना के तहत सब्सिडी की पात्रता की शर्त के अनुसार, गौशालाओं, गोसदनों, पांजरपोल और गौरक्षण संस्थाओं में गोसेवा आयोग से पंजीकृत देशी गायें और जिले में गाय पालने का कम से कम 3 साल का अनुभव और कान रखने वाली गौशालाओं में कम से कम 50 गायें हों। टैगिंग (भारत पशुधन प्रणाली पर) सब्सिडी के लिए पात्र हैं। महाराष्ट्र गोसेवा आयोग कार्यालय में सीधे प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव और ई-मेल या इसी तरह के माध्यम से प्रस्तुत किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। योजना का उद्देश्य और प्रारूप, अनुदान पात्रता के नियम और शर्तें, योजना का कार्यान्वयन, योजना का ऑनलाइन आवेदन और उसके साथ संलग्न किए जाने वाले सहायक दस्तावेज आदि वेबसाइट www.mahagosevaaayog.org पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। भंडारा जिले में गौशाला, गोसदन, पंजारपोल और गाय संरक्षण संस्थाएं जो इस मानदंड के तहत पात्र हैं। जिला पशुपालन उपायुक्त डॉ. अन्नू वरारकर द्वारा किया गया।

## 12 जनवरी को वैश्विक पारायण समारोह, श्री गजानन विजय ग्रंथ का होगा सामूहिक पठन

### 1 से 8 जनवरी को श्रीमद् भागवत सप्ताह




**वर्धा.** तिवर्षानुसार इस वर्ष भी नए वर्ष के शुरुवात में जागतिक पारायण समारोह समिती, वर्धा की ओर से श्री संत गजानन महाराज भव्य वैश्विक पारायण समारोह का आयोजन किया गया है इसमें 12 जनवरी को शहर के सर्कस मैदान में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक श्री गजानन विजय ग्रंथ का सामूहिम पठन किया जाएगा इसमें वर्धा सहित अन्य जिलों से सैंकडों महिला, पुरुष गजानन भक्त हिस्सा लेंगे ऐसी जानकारी हभप मयूर महाराज दरणे ने पत्रपरिषद में दी समिती दफ्तर में आयोजित पत्रपरिषद में श्रीराम गव्हाणे, खुशाल गुंडतवार, सुधाकर माळवे, चंदू राठी, राजु वंजारी, अविनाश वंजारी व अन्य मौजूद थे 11 जनवरी को ग्रंथ दिंडी से इस समारोह की शुरुवात होगी दोपहर 12 बजे सर्कस मैदान से पालकी निकलेगी वंजारी चौक, इंदिरा मार्केट, साई मंदिर, कृष्णनगर, भगतसिंग चौक से भ्रमन कर सर्कस मैदान पर दिंडी का समारोप होगा उसी दिन शाम 5 बजे हभप मयुर महाराज दरणे हरिपाठ प्रस्तुत करेंगे जबकि रात्रि 8 बजे अतुल पराये एवं संच सुंदरकांड की प्रस्तुती देंगा 12 दिसंबर को विजयग्रंथ का सामुहिम पठन होगा इसमें सहभागी होने वाले महिला, पुरुष भक्तों को फरहाल, दूध की व्यवस्था की गई है.

सावंगी की स्वास्थ्य टीम व एम्बुलन्स उपलब्ध रहेंगी दिव्यांगों के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की जाएगी सहभागी होने वाले भक्त श्री संत गजानन महाराज मंदिर, श्री साईबाबा मंदिर, समिति के सर्कस मैदान समक्ष में पंजीयन कर सकते है सभी भक्तों को समिती की ओर से आकर्षक भेंट वस्तु दी जाएगी सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में सीसीटीवी लगाए जाएंगे समारोह आयोजन का यह नौ वां वर्ष बताया गया 'शेगावीचा योगी महाराज' फिल्म के निर्माता नरेश भुतडा की विशेष उपस्थिती रहेंगी भक्तों किसी भी प्रकार की असुविधा न इस लिए 500 सेवाधारी परिसर में अनुशानबध्द तरिके से सेवा प्रदान करेंगे 12 जनवरी को राज्यमंत्री डॉ पंकज भोयर यह दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुवात करेंगे, ऐसा बताया गया.

गोपाल महाराज की वाणी में भागवत कथा, विजय ग्रंथ के सामूहिक पठन के पूर्व 1 से 8 जनवरी 2025 को श्री तुलजाई सामाजिक संगठना व जागतिक पारायण समारोह समिति के संयुक्त तत्वावधान में सर्कस मैदान पर श्रीमद् भागवत सप्ताह आयोजित किया गया है प्रतिदिन शाम 6 से रात्रि 10 बजे तक बालयोगी गोपाल महाराज कारखेडकर अपनी मधुर वाणी में कथावाचन करेंगे.

## अमरावती में राष्ट्रीय 'बैलगाड़ी दौड़ शंकरपट' का आयोजन

### पहली बार महिलाओं ने भी लिया भाग

**अमरावती.** अमरावती जिले के तिवसा में दूसरे वर्ष राष्ट्रीय स्तरीय बैलगाड़ी दौड़ का आयोजन किया गया। खास बात यह है कि इस साल महिला किसानों ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया। कोर्ट द्वारा प्रतिबंध हटाए जाने के बाद विदर्भ में बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बैलगाड़ी दौड़ की परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। विभिन्न राज्यों से तिवसा में किसान इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आए। इस वर्ष बैलगाड़ी दौड़ में 300 से अधिक पंजीकरण किए गए हैं।

तिवसा में आयोजित इस बैलगाड़ी रेस में मध्य प्रदेश, हरयाणा और गुजरात से भी बैल जोड़े भाग लेते हैं। इस प्रतियोगिता में सरजा राजा, हिर-रांझा, राम-लखन और कई अन्य बैल जोड़ों ने भाग लिया। इस बैलगाड़ी दौड़ के अवसर पर तिवसा सहित आसपास के कई गांवों में उत्साह का माहौल देखा जा सकता है। इस साल के आयोजन में मध्य प्रदेश और गुजरात के बैल भी शामिल हैं इसलिए इस शंकर पट को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। दिलचस्प बात यह है कि इस बैलगाड़ी दौड़ में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया है। भाजपा के महाराष्ट्र प्रदेश ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष रविराज देशमुख ने कहा कि विदर्भ में किसान बेहद संकट में हैं। किसान 12 महीने काम करते हैं। ऐसे में हमने किसानों के लिए खुशी का जश्न मनाने के मकसद से तिवसा में बैलगाड़ी दौड यानि शंकरपट का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि ये शंकरपट किसानों के लिए एक समारोह की तरह है। हमें खुशी है कि तिवसा और आसपास के गांवों के दो लाख से अधिक किसानों ने इस समारोह में भाग लिया।

## हिंदू सेना मित्र परिवार ने गाडगेबाबा जत्रा में नि:शुल्क शुद्ध जल कराया उपलब्ध

**हिंगनघाट.**




कल आयोजित राष्ट्रसंत गाडगेबाबा महाराज के यात्रा महोत्सव के दौरान हिंदू सेना मित्र परिवार ने तीर्थयात्रियों को निःशुल्क शुद्ध जल उपलब्ध कराया।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू सेना मित्र परिवार द्वारा यह गतिविधि क्रियान्वित की गई यात्रा के दौरान आने वाले नागरिकों को पानी के कारण असुविधा न हो, इसका हर वर्ष हिंदू सेना मित्र परिवार ध्यान रखता है तीर्थयात्रियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाता है राष्ट्रसंत गाडगेबाबा के तीर्थ स्थल पर नागरिकों की भारी भीड़ होती है और इस बीच तीर्थ स्थल पर साफ पानी की कोई व्यवस्था नहीं है.नागरिकों के स्वास्थ्य हेतु हिन्दू सेना मित्र परिवार द्वारा शुद्ध जल का वितरण तीर्थयात्रियों को निःशुल्क सेवा प्रदान की जाती है। इस वर्ष भी यह गतिविधि हिंदू सेने मित्र परिवार द्वारा क्रियान्वित की गई.

## 2025 जिला स्थानीय सरकारी छुट्टियों की घोषणा: जिलाधिकारी

**भंडारा.** जिले में स्थानीय अवकाश, महाराष्ट्र शासन शासन निर्णय दिनांक 16/01/1958 क्रमांक.पी. 13-बी और दिनांक 6 अगस्त 1958 के सरकारी निर्णय के तहत, मुझे प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, मैं श्रीमती हूं। भंडारा की प्रभारी कलेक्टर आशा पठान वर्ष 2025 के लिए भंडारा जिले के लिए निम्नलिखित स्थानीय छुट्टियों की घोषणा कर रही हैं। अक्षय तृतीया 30/04/2025, हाइव 22/08/2025, नरक चतुर्थशी 20/10/2025 उपरोक्त आदेश भंडारा जिले के दीवानी एवं फौजदारी न्यायालयों एवं अधिकोष पीठों पर लागू नहीं होगा, ऐसी जानकारी प्रभारी कलेक्टर आशा पठान ने दी है.

## डामरीकरण नहीं हुआ तो करेंगे जनांदोलन

**गोंदिया.** बीते अनेक वर्षों से प्रलंबित अर्जुनी मोरगांव से निलज-माहुरकुड़ा-शिरोली-महागांव सड़क पूरी तरह से खस्ताहाल हो चुकी है। इस मार्ग से राज्य परिवहन की बसों के साथ ही अन्य बसों का आवागमन होते रहता है। पिछले अनेक वर्षों से सड़क की मरम्ममत का कार्य नहीं किया गया है। जगह-जगह गड्ढे होकर गिट्टी-चूरी मार्ग पर फैली हुई है। अनेकों दुर्घटनाएं घटित भी हो चुकी है। इस मार्ग पर अंबुलेंस से अगर किसी मरीज को ले जाया जाता है तो मरीज की जान भी खतरे में आ जाती है। ऐसे में जल्द से जल्द इस मार्ग की मरम्मत का कार्य किया जाए। अन्यथा जनांदोलन किया जाएगा। ऐसी चेतावनी माहुरकुड़ा क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य कविता कापगते ने जिप अध्यक्ष व अभियंता को ज्ञापन के माध्यम से दी है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि तहसील मुख्यालय में शासकीय कार्यालय, महाविद्यालय, अस्पताल, बैंक के साथ ही मुख्य बाजार होने से मोरगांव, निलज, मालकनपुर, माहुरकुड़ा, शिरोली, महागांव आदि गांव की जनता यहां पहुंचती है। ऐसे में मुख्य मार्गों की मरम्मत का कार्य समय पर कर दिया जाना चाहिए। माहुरकुड़ा क्षेत्र की जनता को होनेवाली परेशानियों को गंभीरता से लेकर जिप सदस्य कापगते ने स्वयं सड़क दुरुस्ती कर मांग कर जिप अध्यक्ष, बांधकाम सभापति, कार्यकारी अभियंता से भेंट की है। उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर अगर मार्ग की मरम्मत का कार्य नहीं किया गया तो सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

## अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

**अकोला.**

अकोला के एमआईडीसी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत दो बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे थे। इस बात की जानकारी मिलते ही एटीएस और एमआईडीसी ने संयुक्त कार्रवाई कर इन दोनों बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है। एमआईडीसी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले इलाके में दो बांग्लादेशी रह रहे थे। इस बात की जानकारी एटीएस को मिली। टीम इलाके में पहुंची। इस जानकारी की पुष्टि होने के बाद एटीएस और एमआईडीसी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो बांग्लादेशियों को गिरफ्तार कर लिया.

## रोटरी क्लब की ओर से ग्रामीण स्कूल में स्वेटर वितरण

**सोंसर.**




रोटरी क्लब सौसर द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रामीण अंचल के स्कूलों में कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्वेटर वितरण किया गया। इस बार स्वेटर वितरण कार्यक्रम नगर की शासकीय माध्यमिक शाला गोहटान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड़ उपस्थित रहे। विशेष अतिथि और सहयोगी के रूप में रोहितसिंह ठाकुर (मोंटी भैया) मौजूद थे। क्लब अध्यक्ष सन्नी चड्डा, सचिव विकास शर्मा, और सदस्य दिलीप बत्रा, अनिल पालीवाल, अभिषेक भूतड़ा सहित सभी रोटरी क्लब सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेश पोस्ते, डोंगरे सर, बसंत सर, अनुष्ठाने सर, धमधर मैडम और बिसेन मैडम ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि संदीप मोहोड़ ने अपने उद्बोधन में देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दूरदराज से आने वाले गरीब विद्यार्थियों की कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त करने के महत्व को रेखांकित किया और रोटरी क्लब की सामाजिक गतिविधियों की सराहना की।

क्लब अध्यक्ष ने बताया शिक्षक-छात्र संबंधों का महत्व, क्लब अध्यक्ष सन्नी चड्डा ने अपने संक्षिप्त संबोधन में बच्चों के विकास में शिक्षक और छात्रों के बीच मजबूत संबंधों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन डोंगरे सर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से रोटरी क्लब सौसर ने गरीब बच्चों को ठंड से राहत दिलाने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाने का संदेश दिया।

## 52वीं तहसील स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी संपन्न

**हिंगनघाट.**



हिंगनघाट तालुका स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी 2024 का आयोजन 27 और 28 दिसंबर 2024 को महेश ज्ञानपीठ हिंगनघाट में किया गया था। इस विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन 27 दिसंबर को पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह श्रद्धांजली अर्पण द्वारा किया गया।

उद्घाटन समारोह में बारापात्रे (मुख्य लेखा अधिकारी जिला परिषद वर्धा), डॉ. महेश बहेकर (समूह विकास अधिकारी पं.स हिंगनघाट), गिरिधरबाबू राठी (अध्यक्ष माहेश्वरी युवा मंडल), अलका सोनवणे (समूह शिक्षा अधिकारी पं.स हिंगनघाट), सुभाष टाकले, अशोक कोडापे, अरविंद राठौड़ (शिक्षा विस्तार अधिकारी), कु. वैशाली पोल (प्राचार्य महेश ज्ञानपीठ हिंगनघाट) की उपस्थिति रही।

इस प्रदर्शनी में कुल 120 वैज्ञानिक प्रतिकृतियां लगाई गई थीं, जिनमें से 34 प्रतिकृतियां माध्यमिक समूह, 69 प्रतिकृतियां प्राथमिक समूह, 05 शैक्षिक सामग्री प्राथमिक समूह, 06 शैक्षिक सामग्री माध्यमिक समूह और 06 प्रयोगशाला परिचर समूह की थीं।

28 दिसंबर को सभी प्रतिकृतियों का परीक्षण किया गया और दोपहर 2 बजे पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अलका सोनवणे, समूह शिक्षा अधिकारी पं. सं अजय भोयर (अध्यक्ष जिला विज्ञान बोर्ड वर्धा), सुभाष टाकले, अरविंद राठौड़, कु. वैशाली पोल (प्राचार्य महेश ज्ञानपीठ हिंगनघाट) सहित सभी परीक्षक उपस्थित थे।

### आयोजन में योगदान

❍ गणित एवं विज्ञान बोर्ड के सदस्य रवीन्द्र म्हस्के, योगेश खोड़े, गजानन नांदुरकर, श्याम मेघरे, सतीश घोडे, श्री गजानन मेघरे, चन्द्रशेखर निमट, रविराज अवचट, त्रिशूल लोंढेकर, प्रशांत बाभुलकर और सभी विषय विशेषज्ञ पं.स. हिंगनघाट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन नितिन सुकालकर द्वारा किया गया।

## आर्यन अभिषेक टेंभेकर की पहचान के लिए जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय से संपर्क करें

**भंडारा.**

आर्यन अभिषेक टेंभेकर उर्फ आर्यन अभिनव तांबेकर नाम का बच्चा 2014 में पुलिस स्टेशन अजनी नागपुर को भटकते हुए मिला था, जब वह 05 वर्ष का था, उस समय उसने बताया कि उसके पिता का नाम अभिषेक टेंभेकर और उसकी माँ का नाम शालिनी उर्फ है पिंकी अभिषेक टेंभेकर. उक्त बच्चे को बाल कल्याण समिति भंडारा के आदेश के तहत भंडारा जिले में देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले संस्थान में भर्ती कराया गया है। इन बच्चों के माता-पिता या अन्य रिश्तेदारों को जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, कार्यालय, प्रथम तल, जिले से संपर्क करना चाहिए उक्त समाचार प्रकाशित होने के 15 दिन बाद जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी तुषार पौनिकर ने सूचित किया है कि श्रमिक सहकारी संघ, साईनाथ नगर नागपुर नाका, भंडारा के पास संपर्क किया जाए। पाए जाने पर इस बच्चे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इसकी जानकारी संबंधित विभाग ने दी है.

# नागपुर हवाई अड्डे के विकास के लिए 786 हेक्टेयर भूमि का हस्तांतरण

## > मुख्यमंत्री फडणवीस ने बैठक में लिया निर्णय

**नागपुर.**

महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास के लिए मिहान इंडिया लिमिटेड से हवाई अड्डे की जमीन का अधिग्रहण किया है। इस कंपनी को हस्तांतरित कर दिया जाएगा. मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने हवाई अड्डे की 786 हेक्टेयर जमीन देने का निर्णय लिया।

मुंबई में आयोजित बैठक में परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय सेठी, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओ.पी. गुप्ता, प्रधान सचिव, शहरी विकास, असीम कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, सिडको, विजय सिंघल, प्रबंध निदेशक, महाराष्ट्र हवाई अड्डा विकास कंपनी, स्वाति पांडे, सचिव,



उद्योग विभाग, अंबलगन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एमआईडीसी, पी. वेलरासु, नागपुर जिला कलेक्टर विपिन इटनकर और अन्य उपस्थित थे। जीएमआर नागपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए 786 करोड़ रुपये दिए गए जो मिहान क्षेत्र के अंतर्गत आता है। 56 हेक्टेयर क्षेत्र के संबंध में हस्ताक्षरित किये जाने वाले समझौते की समीक्षा की गई।

उन्होंने इस संबंध में समझौते को यथाशीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिए। जीएमआर नागपुर हवाई अड्डे का विकास करेगा। इस संबंध में दायर याचिका का निपटारा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कर दिया गया है। महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में सह्याद्री राज्य अतिथि गृह में हुई। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि, "राज्य में हवाई परिवहन के विकास की काफी संभावनाएं हैं। इसलिए, केंद्र सरकार की उड़ान योजना के साथ-साथ राज्य सरकारों के सहयोग से हवाई अड्डों के विकास, उनके विस्तार, रात्रिकालीन लैंडिंग सुविधाओं, रनवे की लंबाई बढ़ाने और हवाई अड्डों पर यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।" महाराष्ट्र औद्योगिक विकास बोर्ड को राज्य से रिलायंस के स्वामित्व वाले हवाई अड्डों को अपने अधीन लेने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने राज्य की महाराष्ट्र हवाई अड्डा विकास कंपनी को प्रमुख शहरों में हवाई अड्डों पर भार कम करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रत्नागिरी, शिरडी, अमरावती (बेलोरा), पुरंदर, कराड, चंद्रपुर (मोरवा), सोलापुर, धुले, फलटण, अकोला, गढ़चिरौली में हवाई अड्डे के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा भी की।

# कपास खरीद में किसानों की समस्याओं पर कृषि मंत्री से मुलाकात

**सौंसर.**

विधानसभा के किसानों ने कपास खरीद से जुड़ी समस्याओं को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। किसानों ने सीसीआई (कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) द्वारा खरीदी प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों को उनके सामने रखा।

किसानों ने बताया कि जब वे मंडी प्रांगण में अपना कपास लेकर पहुंचते हैं, तो सीसीआई के अधिकारी इसे अधिक नमी होने का कारण बताकर रिजेक्ट कर देते हैं। सीसीआई के नियमों के तहत कपास में नमी की सीमा तय है, लेकिन किसान इस सीमा के कारण उचित मूल्य से वंचित हो रहे हैं।

इस मुद्दे पर चर्चा के दौरान किसानों ने कृषि मंत्री से अनुरोध किया कि सीसीआई को उचित दिशा-निर्देश दिए जाएं, ताकि उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके और नमी



का बहाना बनाकर उनकी फसल को खारिज न किया जाए।

इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें जिला महामंत्री राहुल मोहोड, सौसर मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े, श्रीप्रभाकर बोबड़े, रामाकोना मंडल अध्यक्ष रामदेव पाल, पीपला नारायनवार मंडल अध्यक्ष सदानंद डोंगरे, मोहखेड़ मंडल अध्यक्ष गगन घटकारे, लिंगा मंडल अध्यक्ष घनश्याम पवार, जनपद अध्यक्ष संजय भूते, कृष्णा दिगारसे, नगर परिषद मोहगांव अध्यक्ष संदीप घाटोडे, सौसर नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, युवा मोर्चा अध्यक्ष विवेक गायकवाड़, महेश पराडकर, सरपंच वेद सिसोदिया, और गोलू वाडेकर शामिल थे।

किसानों की मांग है कि सीसीआई जल्द से जल्द इस मुद्दे का समाधान करे और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता पर हल किया जाए।

# श्री विट्ठल रुखमणि मंदिर में हरिनाम सप्ताह 2025 का कैलेंडर विमोचित

**सोंसर.**

नगर स्थित श्री विट्ठल रुखमणि मंदिर में अखण्ड हरिनाम सप्ताह 2025 के कैलेंडर का भव्य विमोचन किया गया। इस दौरान भगवान श्री विट्ठल और माता रुक्मिणी की विधिवत पूजन-अर्चन कर क्षेत्रवासियों की उन्नति, खुशहाली और सुख-शांति के लिए प्रार्थना की गई।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा ताई डागा, सुभाष गाडगे, विजय आमले, आशीष महाराज चटप (विट्ठल मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष), सोनबा झाड़े, एडवोकेट रविशंकर धुर्वे और भैय्याजी



बोबडे सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

इस अवसर पर सभी ने हरिनाम सप्ताह के महत्व पर चर्चा की और इसे क्षेत्र की समृद्धि और सौहार्द के प्रतीक के रूप में मनाने का आह्वान किया।

# वात्सल्य प्रीस्कूल में वार्षिक खेलकूद स्पर्धा, सांस्कृतिक समारोह आयोजित

**कामठी.**

रणाला में स्वाती पंकज साबरे द्वारा संचालित वात्सल्य प्रीस्कूल ने अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक समारोह को बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया. यह कार्यक्रम 21 दिसंबर को स्कूल परिसर में आयोजित किया गया था. जिसमें बच्चों के माता-पिता, छात्र और कर्मचारी शामिल हुए, जो शैक्षणिक वर्ष की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए.

कार्यक्रम की शुरुआत एक जीवंत उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जहां नन्हे-मुन्नों ने एक रंगारंग परेड में आत्मविश्वास के साथ मार्च किया. प्रधानाचार्य ने एक भाषण के साथ सबका स्वागत किया, जिसमें बच्चे के समग्र विकास में शारीरिक फिटनेस और टीम वर्क के महत्व पर प्रकाश डाला गया. मुख्य अतिथि जिला परिषद पूर्व सदस्य अनिल निधान, सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों में पूर्व उपसरपंच नागोराव साबरे, पूर्व सरपंच, पंचायत



समिति पूर्व उपसभापति व पूर्व सरपंच विमल नागोराव साबरे, पूर्व सरपंच स्वर्णा प्रशांत साबरे, सामाजिक कार्यकर्ता राकेश काले, राजू मदनकर, ग्रापं सदस्य आमिर ख़ान आदि ने उपस्थिति दर्शायी. खेल गतिविधियों में भागीदारी और आनंद को प्रोत्साहित करने के लिए मजेदार कार्यक्रमों को इस आयोजन में शामिल किया गया था.

बच्चों के माता-पिता ने भी उत्सव की भावना को बढ़ाते हुए मैत्रीपूर्ण प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया. बच्चों ने अपनी चपलता, उत्साह और खेलकूद कौशल का प्रदर्शन किया और तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल भर दिया.

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला.

कार्यक्रम का दूसरा भाग प्रीस्कूलर के निवर्तमान बैच के स्नातक समारोह के लिए समर्पित था. टोपी और गाउन पहने नन्हे स्नातक छात्र आत्मविश्वास से भरे हुए मंच पर प्रिंसिपल और मुख्य अतिथि से अपने प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए पधारे. माता-पिता गर्व से देख रहे थे कि उनके बच्चों को उनकी कड़ी मेहनत और विकास के लिए सम्मानित किया जा रहा है. वात्सल्य प्रीस्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता और स्नातक समारोह युवा शिक्षार्थियों के लिए एक आनंदमय और पोषण वातावरण को बढ़ावा देने के लिए स्कूल के समर्पण का प्रमाण था.

इस कार्यक्रम ने सभी को प्रेरित किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशान्वित किया. समापन कार्यक्रम के साथ खेलकूद प्रतियोगिता का भी समापन सभी प्रतिभागियों और समर्थकों आभार मानकर किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षिका रिता चरबे, वीणा नायडू, स्वाती कवाले, पूजा पाखमिडे और अश्लेषा मेश्राम ने अथक परिश्रम किए.

## आखिर मृत्यु से जंग हार गई चांदनी

**गोंदिया.** देवरी पुलिस स्टेशन अंतर्गत ग्राम मरामजोब निवासी कक्षा 11वीं की छात्रा घर के चुल्हे के पास बैठकर पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान आग में वह बुरी तरह झुलस गई थी। यह घटना शुक्रवार को सुबह 5.30 बजे के दौरान घटित हुई थी। जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन वह मृत्यु से जंग हार गई। 28 दिसंबर को उसकी मृत्यु हो गई। मृतका का नाम चांदनी किशोर शहारे (17) बताया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक चांदनी शहारे शिवराम महाविद्यालय मुरदोली में अध्ययनरत थी। ठंड के दिन होने से ठंड से बचाव के लिए हमेशा की तरह पढ़ाई करने के लिए सुबह उठकर चुल्हे के पास बैठी। अचानक आग भड़कने के कारण वह झुलस गई। गंभीर हालत में उसे ग्रामीण अस्पताल देवरी में उपचारार्थ भर्ती कराया गया। हालत चिंताजनक होने से उसे गोंदिया जिला अस्पताल में रेफर किया गया। लेकिन उपचार के दौरान चांदनी की मृत्यु हो गई। चांदनी की मृत्यु से गांव में शोक की लहर है।

# दुपहिया चोरी की वारदातें पुलिस के लिए बनीं चुनौती

**गोंदिया.**

गोंदिया शहर के साथ ही जिले के अन्य स्थानों पर दुपहिया चोरी करने वालों की कोई टोली तो सक्रीय नहीं है। यह बात अब आम जनता में चर्चा का विषय बन गई है। पिछले कुछ दिनों से गोंदिया शहर के साथ ही अनेक स्थानों पर सार्वजनिक स्थानों के साथ ही घरों के सामने रखी दुपहिया अज्ञात चोरों द्वारा चुराकर ले जाने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। इस तरह की घटनाओं से यह प्रतित हो रहा है कि कहीं दुपहिया चोर पुलिस को इस तरह की घटनाओं को अंजाम देकर चुनौती तो नहीं दे रहे है। हाल ही में तीन अलग-अलग स्थानों पर दुपहिया चोरी की वारदातों को अंजाम देने की घटनाएं घटित हुई है। जिले में अनेक नागरिक अपने वाहन या तो घर के सामने अथवा पोर्च में खड़े करते है। ऐसे में मौका पाते ही दुपहिया चोर वाहनों को उड़ा ले जाते है। इससे पुलिस के सामने तो चुनौती खड़ी हो ही रही है, लेकिन नागरिकों में भी दहशत का वातावरण निर्माण हो रहा है। हाल की घटनाओं की यदि बात की जाए तो पहली घटना गोरेगांव थानांतर्गत ग्राम चोपा में घटित हुई। जहां किसी अज्ञात चोर ने दोपहिया क्रमांक एमएच-35/एबी-7050 पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना 25 दिसंबर को सुबह 4 बजे प्रकाश में आई। फरियादी राजेशकुमार योगराज टेंभरे (52) की रिपोर्ट पर गोरेगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार कोडापे कर रहे है। दुसरी घटना रामनगर थानांतर्गत बी.एम.डब्ल्यु. शोरूम के पास घटित हुई। जहां अज्ञात चोर ने सुना मौका पाकर दोपहिया वाहन क्रमांक एमएच 49 एक्स 6490 को चुरा लिया। जानकारी के नागपुर निवासी फरियादी कुणाल सुरेश चांदेकर (26) उक्त स्थान में वाहन को रखकर अपने कार्य पर गया था। इस दौरान किसी अज्ञात चोर ने सुना मौका पाकर घटना को अंजाम दिया।

## स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत नगर परिषद मोहगांव में पांडे की हुई नियुक्ति



**सौंसर.** शासन के निर्देशानुसार नगर परिषद मोहगांव को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाए रखने हेतु स्वच्छता में सहयोग देने हेतु ब्रांड एंबेसडर की नियुक्ति मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री चंद्रमोहन गरमे जी द्वारा की गयी। जिसमे नगर पालिका अधिकारी द्वारा प्रणय पांडे मोहगांव को ब्रांड एंबेसडर नियुक्ति सम्बन्धी पत्र प्रदान किया एवं स्वछता में नगर को बेहतर प्रदर्शन करने में सहयोग हेतु अपील की गई।

# आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस शिविर का समापन

## > शिविरार्थियों ने सीखी तनावमुक्त जीवन जीने की कला

**सौंसर.**

आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित हैप्पीनेस शिविर का समापन धूमधाम से किया गया, जिसमें भाग लेने वाले शिविरार्थियों ने योग, प्राणायाम, ध्यान और मेडिटेशन के माध्यम से तनावमुक्त जीवन जीने की कला सीखी। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को जीवन के तनावपूर्ण क्षणों से निपटने के लिए प्रभावी तकनीकों से सुसज्जित करना था।

कार्यक्रम में आए शिविरार्थियों ने अपनी सकारात्मक अनुभूतियों को सांझा करते हुए बताया कि कैसे मेडिटेशन और ध्यान के माध्यम से उन्होंने अनंत शांति का अनुभव किया। शिविर में हर सप्ताह निशुल्क फॉलोअप सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि शिविरार्थी जीवन में सीखी गई कला को निरंतर



लागू कर सकें। आर्ट ऑफ लिविंग का यह कार्यक्रम न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए है, बल्कि यह जीवन को बेहतर तरीके से जीने के मंत्रों को जागृत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तनाव और चिंताओं से उबरकर जीवन में खुशी और शांति लाना है। आर्ट ऑफ लिविंग, जो विश्वभर में लगभग 168 देशों में फैला हुआ है, जीवन जीने की कला सिखाता है और यह कार्यक्रम आज के तनावपूर्ण जीवन को शांति के मार्ग पर ले जाने का एक जरिया है।

# साल के अंतिम शनिवार को जाम सावली में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

**सौंसर.**

सौंसर के चमत्कारिक हनुमान मंदिर, जाम सावली में साल के अंतिम शनिवार को भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पांढुर्णा से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पदयात्रा करते हुए मंदिर पहुंचे। रास्ते में जगह-जगह भक्तों का भव्य स्वागत किया गया। उनके लिए नाश्ता, भोजन, चाय और पेयजल की निशुल्क व्यवस्था की गई थी।

श्रद्धालुओं के स्वागत और उनकी सुविधा के लिए विधायक विजय चौरे ने भी नाश्ते की विशेष व्यवस्था करवाई।

मंदिर समिति के भंग होने के कारण इस बार पूरी व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रशासन पर थी। जिला अध्यक्ष अजय देव शर्मा और अनुविभागीय अधिकारी सिद्धार्थ पटेल के नेतृत्व में प्रशासन ने बेहतरीन इंतजाम किए। सफाई और



### नववर्ष पर भी रहेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

*नववर्ष के पहले दिन भी जाम सावली हनुमान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे देखते हुए प्रशासन ने अपनी तैयारियां पहले से पूरी कर ली हैं। हनुमान मंदिर जाम सावली में इस आस्था और भक्ति के माहौल ने साल के अंतिम दिन को खास बना दिया।*

पेयजल की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। चारों नगर पालिकाओं के अधिकारी और कर्मचारी इस कार्य में लगे हुए थे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस अधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, और सभी थानों के थानेदार अपनी टीम के साथ तैनात थे। इसके अलावा राजस्व और वन विभाग के अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे थे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था की थी। पांढुर्णा, नागपुर और सौसर की ओर से आने वाले सभी वाहनों को व्यवस्थित रूप से पार्क किया गया। जाम सावली-पांढुर्णा मार्ग को भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित किया गया, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में जगह-जगह भक्तों द्वारा भंडारों का आयोजन किया गया। प्रशासन ने मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया, जिससे श्रद्धालु भक्ति के माहौल में डूब सकें।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 690-5 | 149-4 |
| श्रीदेवी नाईट | 458-7 | 688-2 |

